# विश्वविद्यालय के चार छात्रों ने आईसीएआर पीजी परीक्षा में हासिल किया शीर्ष 10 स्थान

पंतनगर। 14 सितंबर, 2025। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय ने राष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। महाविद्यालय के चार स्नातक छात्रों क्रमशः निहारिका पांडे (एआईआर–3), नंदिका बजाज (एआईआर–6), रिया (एआईआर–8) और दिव्या लिंगवाल (एआईआर–9) ने आईसीएआर स्नातकोत्तर (पीजी) प्रवेश परीक्षा 2025 में शीर्ष 10 में स्थान प्राप्त किया है। इन छात्रों ने दो साल के लिए जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) अर्जित की है, जो उन्हें भारत भर के आईसीएआर मान्यता प्राप्त राज्य कृषि विश्वविद्यालयों (एसएयू) और केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालयों (सीएयू) में मास्टर डिग्री के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।

इस सफलता ने विश्वविद्यालय और महाविद्यालय में गर्व का माहौल बना दिया है। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि यह हमारे छात्रों की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है। उनकी यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि पूरे विश्वविद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता और उत्कृष्टता का प्रतीक है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र सामुदायिक विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देंगे और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएंगे।

सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठात्री डा. अलका गोयल ने भी छात्रों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। हमारे छात्रों ने असाधारण योग्यता का प्रदर्शन किया है। उनकी यह सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है और हमारी शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता को भी दर्शाती है। आईसीएआर पीजी प्रवेश परीक्षा अत्यंत प्रतिस्पर्धी मानी जाती है और शीर्ष 20 में स्थान प्राप्त करने पर जूनियर रिसर्च फेलोशिप की गारंटी मिलती है। इस वर्ष की सफलता ने पंतनगर विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता और छात्र प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया है।








